आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 07.03.2026
समय 0720

**मुख्य समाचार :—**

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज हरिद्वार में 'जन—जन की सरकारः चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।
- लोकसभा सांसद अजय भट्ट ने कहा— नैनीताल—उधमसिंह नगर क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से जारी।
- नैनीताल की झीलों के सौंदर्यकरण और पुनर्विकास की दिशा में सरकार के प्रयास तेज।
- और... केंद्र सरकार ने बीएआरसी को चार सप्ताह के लिए न्यूज चैनलों की टीआरपी रिपोर्टिंग निलंबित करने के निर्देश दिए।

गृह मंत्री दौरा

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज हरिद्वार में सरकार के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित 'जन—जन की सरकार : चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

इस अवसर पर वे राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी तथा नई न्याय संहिताओं पर केंद्रित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे। साथ ही, श्री शाह राज्य के विकास से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

कार्यक्रम को लेकर शासन—प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। श्री शाह के स्वागत के लिए कार्यक्रम स्थल बैरागी कैंप सहित पूरे हरिद्वार शहर को सजाया—संवारा जा रहा है।

इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल हरिद्वार का दौरा कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

दिशा की बैठक

सांसद अजय भट्ट ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से नैनीताल—उधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। रुद्रपुर में आयोजित दिशा समिति की बैठक में श्री भट्ट ने यह जानकारी दी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार से पर्याप्त धनराशि जारी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि एम्स के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये तथा लालकुआं बाईपास के निर्माण के लिए लगभग 11 सौ करोड़ रुपये की परियोजनाएं धरातल पर क्रियान्वित की जा रही हैं।

बैठक में श्री भट्ट ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारें, ताकि जनता को उनका वास्तविक लाभ मिल सके।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कम से कम समय में शत–प्रतिशत पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना है।

टीआरपी पर रोक

केंद्र सरकार ने ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल को निर्देश दिया है कि वह चार सप्ताह के लिए समाचार चैनलों की टेलीविजन रेटिंग पॉइंट्स की रिपोर्टिंग को तत्काल निलंबित कर दे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के निर्देश के अनुसार कुछ टीवी समाचार चैनल इस्राएल–ईरान संघर्ष के बीच अनावश्यक सनसनीखेज और अटकलबाजी वाली सामग्री प्रदर्शित कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की कवरेज से लोगों में दहशत फैल सकती है। निलंबन चार सप्ताह तक या अगले निर्देश तक, जो भी पहले हो, लागू रहेगा।

नैनीताल का होगा कायाकल्प

प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल नैनीताल की झीलों को और अधिक आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सरकार ने प्रयास तेज कर दिए हैं। आवास विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने राज्य सचिवालय में नैनीताल जिले से संबंधित आवास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की।

बैठक में भीमताल झील के पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण परियोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस परियोजना की अनुमानित लागत 2 हजार 567 दशमलव 49 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसके साथ ही पाथ–वे, पार्क और पार्किंग जैसी सुविधाओं के विकास पर भी विचार किया गया।

वहीं नौकुचियाताल और कमलताल में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए गजिबो, सेल्फी प्वाइंट और बोटिंग स्टैंड के निर्माण की विशेष योजना भी तैयार की जा रही है।

इन योजनाओं के क्रियान्वयन से न केवल पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आजीविका के नए अवसर भी सृजित होंगे।

स्वरोजगार योजना 2.0

नैनीताल जिले ने चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 से शुरू हुई मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना 2.0 के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना वार्षिक लक्ष्य हासिल कर लिया है।

जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक पल्लवी गुप्ता ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि जिले को मिले 725 के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 821 लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जा चुका है।

गांधी चौक

पिथौरागढ़ शहर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र गांधी चौक अब जल्द ही नए और आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा। नगर निगम के सहायक आयुक्त राजदीप जायसी ने बताया कि निगम गांधी चौक में मौजूद फड़ों को पहाड़ी शैली में विकसित कर रहा है।

उन्होंने बताया कि पहले चरण में दस फड़ों को हाईटेक दुकानों में परिवर्तित किया जा चुका है। आने वाले समय में शेष 54 फड़ों को भी इसी तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि फड़ों के स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त दुकानों के निर्माण से स्थानीय कारोबारी भी काफी उत्साहित हैं। पहाड़ी शैली में तैयार की गई ये दुकानें स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को भी आकर्षित कर रही हैं।

यूपीएससी परिणाम

सिविल सेवा परीक्षा– यू.पी.एस.सी में 69वीं रैंक प्राप्त कर अनुज पंत ने उत्तराखंड को गौरवान्वित किया है। चंपावत जिले के झूलापे गांव निवासी अनुज पंत को मुख्यमंत्री ने हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करना अत्यंत गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि अनुज पंत का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल चंपावत जिला बल्कि समूचे उत्तराखण्ड का मान बढ़ा है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

ईरान – अमेरिका युद्ध के बीच रसोई गैस के दामों में वृद्धि की खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र की सुर्खी है– रसोई गैस के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी।

ईरान–अमेरिका युद्ध पर तेल की कमी पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– भारत को 30 दिनों तक रूस से तेल खरीदने पर छूट

नवोदय टाइम्स ट्रम्प के हवाले से लिखता है – बिना शर्त समर्पण करे ईरान

चारधाम यात्रा के लिए कल से शुरू हुए आनॅलाइन पंजीकरण पर अमर उजाला पर्यटन विभाग के हवाले से लिखता है– पहले दिन 1 लाख 24 हजार पंजीकरण।

राज्य कैबिनेट के हवाले से हिन्दुस्तान लिखता है– उत्तराखंड में जुआ खेलने–खिलाने पर पांच साल तक जेल